**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 20.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– महिला आरक्षण विधेयक पर सरकार का प्रयास रहेगा जारी, विधेयक में बाधा बने विपक्ष को भुगतने होंगे परिणाम।**

2. **राज्य सरकार ने ट्रेजरी घोटाले को लेकर तीन साल से एक ही जगह पदस्थापित अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल तबादला करने का जारी किया निर्देश।**

3. **सारंडा में सुरक्षा बलों का बचे हुए नक्सलियों की घेराबंदी कर निर्णायक अभियान शुरू, सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक ने कहा– किसी भी समय हो सकता है सारंडा जंग का अंत।**

4. **नगर विकास विभाग ने प्रमुख शहरों में रांची की तर्ज पर सेटेलाईट टाउनशिप विकसित करने का लिया निर्णय, संबंधित जिलों को जमीन चिह्नित करने का दिया निर्देश।**

5. **रांची में 22 मई से 25 मई तक 29वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन चैंपियनशिप का होगा आयोजन, देशभर से आठ सौ से अधिक एथलीट लेंगे भाग।**

*******************

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को बाधित करने के परिणाम विपक्ष को भुगतने होंगे। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री रिजिजू ने पूछा कि क्या विधेयक की विफलता के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित किया जाना चाहिए या नहीं। उन्होंने सरकार की वचनबद्धता भी दोहराई। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार इस मामले में प्रयास जारी रखेगी।

*******************

राज्य सरकार ने विभिन्न जिलों में हुए ट्रेजरी घोटाले को लेकर सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने तीन साल से एक ही जगह जमे अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल तबादला करने का निर्देश जारी किया है।

इधर धनबाद में जिला प्रशासन अलर्ट है। उपायुक्त ने कहा कि सभी कार्यालयों में जिला स्तरीय टीम औचक निरीक्षण करेगी। वहीं जिले के ट्रेजरी ऑफिसर ने कहा कि निरीक्षण के दौरान विगत वर्षों में किए गए भुगतान तथा भुगतान प्रक्रिया की जांच होगी।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के खिलाफ घेराबंदी कर अंतिम और निर्णायक अभियान शुरु कर दिया है। सीआरपीएफ के आईजी साकेत सिंह ने बताया कि सारंडा जंग का अंत किसी भी समय हो सकता है। इस संबंध में जिले के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने बताया कि सुरक्षा बलों ने एक करोड़ रुपये के इनामी शीर्ष माओवादी नेता मिसिर बेसरा सहित गिने चुने नक्सलियों को चारों ओर से घेर लिया है।

**साउंड बाईट – अमित रेणु, एसपी चाईबासा ऑन नक्सली– 23 सेकेंड**

*******************

सरकार ने विद्यार्थियों को मुफ्त लैपटॉप प्रदान करने के दावे से जुड़े लिंक को प्रसारित करने वाले संदेश को खारिज कर दिया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने इस दावे को फर्जी बताया है। इकाई ने कहा कि इस तरह की सरकार की कोई योजना या विज्ञापन नहीं है।

*******************

धनबाद जिला परिषद, तोपचांची, गोविंदपुर तथा निरसा में निर्मित 59 दुकानों को खुले डाक के माध्यम से उच्चतम बोली लगाने वाले को अस्थाई रूप से आवंटित करेगा। उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने बताया कि इसके लिए आवेदन पत्र जिला परिषद कार्यालय से 2 मई तक प्राप्त कर सकते हैं। चार मई तक आवेदन जमा लिये जाएंगे और 7 मई को दुकानों की नीलामी होगी। दुकानों के आवंटन के लिए न्यूनतम सुरक्षित जमा राशि 25 हजार से 2 लाख रुपये तक है।

*******************

नगर विकास विभाग ने राज्य के प्रमुख शहरों में रांची की तर्ज पर सेटेलाईट टाउनशिप विकसित करने का निर्णय लिया है। विभाग ने इसके लिए सभी जिलों के उपायुक्तों को 300 से 500 एकड़ तक भूमि चिह्नित करने का निर्देश दिया है। हमारे रांची संवाददाता ने बताया कि अभी धनबाद, रामगढ़, खूंटी, देवघर, गुमला और चाईबासा में जमीन चिह्न्ति करने पर जोर दिया जा रहा है।

*******************

जामताड़ा जिले में चलाए गए अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के दौरान अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों सहित अन्य संस्थानों में आग से सुरक्षित रहने, आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय और सुरक्षा के इंतजाम जैसे पहलुओं की जानकारी दी गयी। अग्निशमन पदाधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देश पर अस्पतालों में आग से सुरक्षा की दिशा में आवश्यक पहल की जा रही है।

*******************

चतरा सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने के नाम पर मृतक के परिजनों ने पांच हजार रूपये मांगने का आरोप लगाया है। मामले में परिजनों ने उपायुक्त रवि आनंद से कार्रवाई करने की मांग की है। गौरतलब है कि चतरा सदर प्रखंड के भोज्या गांव में तालाब में डूबने से मां समेत दो बेटियों की मौत हो गयी थी।

*******************

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती गिरावट के बाद अब बढ़त देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 393 अंक बढ़कर 78 हजार 887 पर और निफ्टी 106 अंक बढ़कर 24 हजार 459 पर पहुंच गया है।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 42 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 68 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

झारखंड में कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। मौसम विभाग ने आज और कल हीट वेव का पूर्वानुमान जताया है। इस बीच स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सभी जिलों के उपायुक्तों को जरूरत पड़ने पर अस्थायी छुट्टी की घोषणा या समय सारिणी में बदलाव करने का निर्णय लेने का निर्देश दिया है।

*******************

राजधानी रांची में 22 मई से 25 मई तक 29वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन चैंपियनशिप का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता में देशभर से आठ सौ से अधिक एथलीट भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के जरिए कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन अंडर–23 चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जायेगा।

******समाप्त*************